राज्यपाल ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की नवीन वेबसाइट का लोकार्पण किया

चर्चा में क्यों?

7 जनवरी, 2022 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की नवीन विकसित वेबसाइट का राजभवन में लोकार्पण किया। वेबसाइट उन्नत तकनीकी के साथ **GIGW** एवं **WCAG** 2.0 के मापदंडों की प्रणाली के अनुरूप विकसित की गई है।

प्रमुख बिंदु

- इस यूजर फ्रेंडली इंटरफेस प्रणाली के आधार पर अभ्यर्थियों को सुगमता से सूचनाओं की प्राप्ति हो सकेगी। अभ्यर्थियों को आयोग से संबंधित समस्त जानकारी एवं सूचनाएँ नवीन वेबसाइट पर उपलब्ध होंगी।
- राज्यपाल ने नवीन वेबसाइट के लोकार्पण अवसर पर आयोग की गरिमा के अनुरूप पारदर्शिता और कार्य तत्परता की दिशा में किये जा रहे नवाचारों की सराहना की।
- उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस नवीन वेबसाइट के माध्यम से प्रतिभागी को समुचित जानकारियाँ सुगमता और शीघ्रता से प्राप्त होंगी। साथ ही आयोग की पारदर्शी कार्य-प्रणाली और अधिक मज़बूत होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/governor-launches-new-website-of-madhya-pradesh-public-service-commission